प्रेस विज्ञप्ति

- **27 मार्च से 30 मार्च तक**
- **साहसिक खेल, फिल्म समारोह, लाइव कॉन्सर्ट होंगे**
- **पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा आयोजित**

व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा राजस्थान दिवस

जयपुर, 22 मार्च। आगामी 30 मार्च को राजस्थान दिवस के सेलीब्रेशन के तहत राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों के लिए सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 27 मार्च से 30 मार्च तक चलने वाले चार दिवसीय इस जश्न में संगीत, नृत्य, फैशन शो, फिल्म महोत्सव, गोल्फ टूर्नामेंट, हॉर्स शो, बैंड प्रदर्शन जैसी विभिन्न गतिविधियों का मिश्रण देखने को मिलेगा। प्रमुख शासन सचिव, (पर्यटन) श्री शैलेन्द्र अग्रवाल ने आज यह जानकारी दी।

उद्घाटन समारोह –

27 मार्च को जेडीए पोलो ग्राउंड में 'रन फॉर राजस्थान' और बीएसएफ कैमल टैटू को शो के साथ इस चार दिवसीय सेलीब्रेशन की शुरूआत होगी।

भक्ति संगीत –

28 से 30 मार्च तक जयपुर के विभिन्न धार्मिक स्थानों पर भक्ति संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 28 व 29 मार्च को शाम 7 बजे से क्रमशः मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर और खोले के हनुमान जी मंदिर में भक्ति संगीत होगा। 29 मार्च को शाम 7 बजे सुभाष चौक मस्जिद में 'कव्वाली' होगी। 30 मार्च को दोपहर 12.30 बजे से गोविंद देव जी मंदिर में 'भजन' आयोजित किए जाएंगे।

गोल्फ टूर्नामेंट –

28 व 29 मार्च को जेडीए गोल्फ कोर्स पर गोल्फ टूर्नामेंट खेला जाएगा।

बाल फिल्म महोत्सव –

28 व 29 मार्च को बाल फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दोनों दिन जयपुर के क्रिस्टल पाम मल्टीप्लेक्स में इसके चार–चार शो होंगे।

संस्कृति व पर्यटन पर आधारित लघु फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल –

28 से 30 मार्च तक जवाहर कला केंद्र (जेकेके) में सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक संस्कृति व पर्यटन पर आधारित लघु फिल्मों के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। 30 मार्च को दोपहर 12 बजे इस फिल्म फेस्टिवल के समापन होगा। यह फिल्म फेस्टिवल मुंबई के इंडियन इंफोटेन्मेंट मीडिया कॉरपोरेशन (आईआईएमसी) के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

सेना का प्रदर्शन –

28 व 29 मार्च को दोपहर 4.30 बजे से शाम 6 बजे तक सेना की ओर से जुलूस निकाला जाएगा। इसके तहत जेडीए पोलो ग्राउंड में हॉर्स शो, मास बैंड डिस्प्ले, पैरा ट्रूपर्स, पैरा मोटर्स, डॉग शो व अन्य प्रदर्शन किए जाएंगे।

दास्तानगोई शो व शास्त्रीय नृत्य –

28 मार्च व 29 मार्च को शाम 6 बजे से 7.15 बजे तक बिड़ला सभागार में क्रमशः सियाही की ओर से दास्तानगोई शो और ओडिसी शास्त्रीय नृत्य का आयोजन किया जाएगा।

खेल गतिविधियां –

खेल प्रेमियों के लिए विभाग द्वारा खेलकूद की विभिन्न गतिविधियों की व्यवस्था भी की गई है। 28 मार्च को एसएमएस स्टेडियम में शाम 5.30 बजे से 7 बजे तक रन फॉर राजस्थान कबड्डी (लड़कों व लड़कियों के लिए), भारतीय कुश्ती (लड़कों के लिए) और खो–खो (लड़कों व लड़कियों के लिए) खेल होंगे।

इसी प्रकार 29 मार्च को एसएमएस स्टेडियम में ही शाम 5.30 बजे से 7 बजे तक तीरंदाजी (लड़कों व लड़कियों के लिए), सितौलिया (लड़कों व लड़कियों के लिए), गिल्ली डंडा (लड़कों के लिए) और रूमाल झपट्टा (लड़कियों के लिए) खेले जाएंगे।

संगीत प्रस्तुतियां –

जयपुरवासी 28 मार्च को शाम 7 बजे से अल्बर्ट हॉल पर अरिजीत सिंह के लाइव कॉन्सर्ट का लुत्फ उठा सकेंगे। 29 मार्च को अल्बर्ट हॉल पर शाम 7 बजे से सलीम सुलेमान और भंवरी देवी द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

हेरिटेज फैशन शो –

फेस्टिवल के एक भाग के रूप में 29 मार्च को शाम 7 बजे अल्बर्ट हॉल पर जानी–मानी फैशन डिजाइनर बीबी रसेल द्वारा हेरिटेज फैशन शो आयोजित किया जाएगा।

<u>समापन समारोह</u> –

भव्य उद्घाटन समारोह के समान जनपथ पर एक विशाल औपचारिक जुलूस के साथ राजस्थान दिवस का समापन समारोह भी काफी भव्य होगा। 30 मार्च को शाम 6.15 बजे से यह समारोह जनपथ पर आयोजित किया जाएगा।

<u>फाइल फोटो</u> – राजस्थान दिवस पर प्रस्तुति देने वाले कलाकारो की फाइल फोटो साथ में संलग्न हैं।

For further details please contact:

Ajay Sharma
Dy. Director
Department of Tourism
M: 09314870001

<u>Media Coordination(Spark PR)</u>

Jagdeep Singh
Sr. Advisor
M: 09829065787

Anant Mahant
Sr. Executive
M: 09799691000